श्री आत्मानंद जैनसभा पंजाब.

धी डायमन्ड ज्युबिली प्रीन्टिग प्रेसमां छाप्युं.

॥ ॐ ॥

विदित होवे कि, यह जैनमत वृक्ष नामा ग्रंथ, ग्रंथकर्त्ताने किस मिहनतसें बनायाहै; सो मिहनत तो, असली वृक्षके समान, मुंबाइमें छपे हुए "जैन मत वृक्ष" से माळुम होतीहै. परंतु अपशोस है कि, वो जैसा कि लोकोपयोगी होनेका ख्याल रखतेथे, नही हुआ. बडी भारी खराबी तो उसमें यह हुईहै कि, वो वृक्ष लाल श्याहीसें छपाहै, जिससें कइ जगापर अक्षर साफ साफ खुले नहीहै; और कइ जगा अक्षर बिलकुल उडगएहै. जिससें वांचने वालेको, ठीक ठीक मतलब नही मिलताहै; दूसरी खराबी यहहै कि, वांचने वालेको कभी किधर मुख करना पडताहै, और कभी किधर, इस तकलीफसें भी लोक उस वृ-क्षको शोखसें देख नही शक्तेहैं. तीसरी खराबी यह है कि, जिसके वास्ते पुनरावृति करनेकी खास जरूर-तथी. वो खराबी यह है कि, अतीव अशुद्ध छप गया है. बेशक सीसे में जडवाके नमुनेके वास्ते रखना कोई चाहे तो रख शक्ताहै, और मकानको शोभाभी देशक्ताहै; परंतु जिस फायदेके वास्ते ग्रंथकर्त्ताने

बनायाहै, वो फायदा नही पहुंच शक्ताहै. इस वास्ते ग्रंथकर्त्ताकी आज्ञानुसार पढने वालेको सुगमता होनेके वास्ते, वृक्षकी ढब हटाकर, किताबकी ढबपर लिखा गयाहै, तोभी नामतो वोही रखाहै. क्योंकि, प्रथम "जैनमत वृक्ष" के नामसेंही प्रसिद्ध होचुकाहै. और अब इस किताबके साथभी, छोटासा वृक्ष, दिया गयाहै; जिसमें नंबर दिये है, उस नंबरका ब्यान पढनसें, पढने वालेको ठीक ठीक पता लग जाताहै. इस वास्ते सज्जन पुरुषोंको चाहिये कि, अथसें इति तक, इस ग्रंथको देखके, ग्रंथकर्त्ताके प्रयासको सफल करें.

संवत्–१९४९ फाल्गुन शुक्ला दशमी–
हाल मुकाम गुरुका झंडीयाला
जिल्ला अमृतसर
देश पंजाब.

मुनि–वल्लभ विजयने लिखा

ग्रंथकर्त्ताकी आज्ञासें.

शुद्धिपत्र.

पृष्ठ	लीटी	अशुद्ध	शुद्ध
१	२	श्री वीतरागायन मोस्तु	श्री वीतरागाय नमोस्तु
४	१५	नित्य प्रतिचार	नित्यप्रतिचार
,,	,,	सुना तेथे	सुनातेथे
,,	१८	उच्चार न	उच्चारन
५	२०	आ हिताग्नय	आहिताग्नय
६	१२	आवश्य कादि	आवश्यकादि
८	१	सर्वव्य वच्छेद हो गये	सर्व व्यवच्छेद होगये
८	२	भीन	भी न
८	११	कितिस	कि तिस
९	१७	हिंतेट विया असंज	हिंते ठविया असंज
,,	१८	काहि आतेहिं	काहिआ तेहि
१०	२	धर्म काव्य	धर्मकाव्य
,,	७	ब्राह्मणा भासोंने	ब्राह्मणाभासोंने
१२	८	मरूत	मरुत
,,	९	ब्राह्मणा भासोंके	ब्राह्मणाभासोंके
,,	१०	सौ निकोंकीतरे	सौनिकोंकीतरे
,,	११	ब्राह्मणा भास	ब्राह्मणाभास
,,	१३	मरूत	मरुत
,,	१४	,,	,,
,,	२०	सुनातहूं	सुनाताहूं
१५	२	विद्वंस	विध्वंस
१५	१०	पूछाकि,	पूछा, कि
१६	५	परसस्पर	परस्पर
,,	१५	होवे?	होवे.

१७	११	कुक्कुडके	कुक्कडके
"	१८	मारकें	मारके
१९	१	गइकि	गईकि
१९	२०	शिख लायाथा	शिखलायाथा
२०	७	धर्मो पदेष्टाका	धर्मोपदेष्टाका
"	१५	च्छेद	छेद
२१	१६	मरेकों	मेरेकों
"	१७	गुरूकीतरें	गुरुकीतरें
"	१८	गुरू	गुरु
२३	४	गुरूजीनें	गुरुजीनें
२३	१३	गुरूर्वाख्य दिति	गुरुर्व्याख्यदिति
२४	७	ईस	इस
"	८	"	"
"	११	पूत्र	पुत्र
"	१५	वनाइ	वनाई
२५	१४	तेरेंसे	तेरेसें
"	१६	अस्रूर	असुर
"	१७	पुछाकि	पुछा, कि
"	१८	कहाकि,	कहा, कि
"	२०	दिती	दिति
२६	१	सुलासाका	सुलसाका
"	३	राजा ओमेंसु	राजाओमेंसुं
२६	१०	गइ	गई
"	१५	जीनांसे	जिनोंसें
"	१९	हूइ	हूई
"	"	मधुपिंगलनामामेरा	मधुपिंगलनामा मेरा
२७	०	वनाइ	वनाई
"	१५	लक्षणहिन	लक्षणहीन

२८	४	असूर	असुर
३०	१०	देखाता	दिखाता
,,	११	गइ	गई
३१	१७	जौ	जो
,,	,,	द्वपायन	द्वैपायन
,,	,,	नामकेंसे	नामसें
३३	१८	सापित	शापित
,,	१	पीप्पलाद	पिप्पलाद
,,	१२	करणे	करने
,,	१८	पीपलके	पिप्पलके
३५	१	आइ	आई
,,	४	अपणे	अपने
३६	३	उत्पत्ति	उत्पत्ति
,,	११	अवठ	औवट
३७	४	पिहिता श्रव-	पिहिताश्रव-
,,	१८	मूनिका	मुनिका
,,	,,	जीसका	जिसका
३८	६	प्रव्रज्जा	प्रव्रज्या
३९	१	आइ	आई
४०	२	ककुदाचार्य	कक्कसूरि
४१	१५	सौ	सो
,,	१७	हू आपी छे	हूआ पीछे
४१	१८	ईनाकी	इनोंकी
,,	१९	सरिषी	सरिखी
४२	१३	श्री महावीरके	श्रीमहावीरके
४३	१८	उपसर्ग हर	उपसर्गहर

४४	११	हूइ	हूई
४४	२०	पाठ कथे	पाठी थे
४५	३	हो गये	होगये
,,	९	सूत्रो परिभाष्य	सूत्रोपरिभाष्य
४६	३	जीसमें	जिसमें
,,	७	वनवाइ	वनवाई
,,	९	बनवाइ	वनवाई
,,	१३	हूइ	हूई
४८	१८	स्थावर	स्थविर
,,	१९	फुल	कुल
,,	२०	हारीयमा लागारी	हारीयमालागारि
५१	१७	आर्यज्यंत	आर्यजयंत
५४	८	शत्रुंज्य	शत्रुंजय
,,	९	,,	,,
,,	१३	कोरंटन	कोरंट
५६	६	मुलसंघ	मूलसंघ
,,	१६	वहु तही	वहुतही
५७	१	(५७)	(५७)
			(४०)
५८	१५	मूलश्रुद्धि	मूलशुद्धि
६१	७	गुरूभाइ	गुरुभाइ
६२	१२	श्री जिनलाभसरि	श्री जिनलाभसूरि
,,	१९	मुनिचंद्रसुरिके	मुनिचंद्रसूरिके
,,	२०	निकला	निकाला
६७	४	नही	नही अंगी
७३	१४	यहा सें	यहांसें

॥ ॐ ॥

॥ श्री वीतरागायन मोस्तुतराम् ॥

"अथ श्री जैनमत वृक्षः"

(१)

जैनमत के शास्त्रानुसार यहजगत् प्रवाहसें अनादि चला आताहै, और सत्य धर्म के उपदेशकभी प्रवाहसें अनादि चले आतेहै. इस संसार में अनादि सें दोदो प्रकारका काल प्रवर्त्तताहै, एक अवसर्पिणी काल, अर्थात् दिन दिन प्रति आयुः, बल, अवगाहना प्रमुख सर्व वस्तु जिसमें घटती जातीहै, और दूसरा उत्सर्प्पिणी काल, जिसमें सर्व अच्छी वस्तुकी वृद्धि होती जातीहै. इन पूर्वोक्त दोनुं कालोंमें अर्थात् अवसर्प्पिणी—उत्सर्प्पिणीमें, कालके करे छ छ विभाग है. अवसर्प्पिणीका प्रथम, सुषम सुषम, (१) सुषम, (२) सुषम दुषम, (३) दुषम सुषम, (४) दुषम, (५) दुषम दुषम, (६) है. उत्सर्प्पिणीमें छहो विभाग उलटे जानलेने. जब अवसर्प्पिणी काल पूराहोताहै, तब उत्सर्प्पिणी काल शुरू होताहै. इसीतरें अनादि अनंत कालकी प्रवृत्तिहै; और हरेक अवसर्प्पिणी उत्स-

र्पिणी के तीसरे चौथे आरे अर्थात् काल विभागमें, चौवीस २४ अरिहंत तीर्थंकर, अर्थात् सच्चे धर्म के कथन करनेवाले उत्पन्न होते है. ऐसे अतीत कालमें अनंत तीर्थंकर हो गयेहै, और आगामी कालमें अनंत होवेंगे; परंतु इस अवसर्पिणी कालमें छ हिस्सों मेसें तीसरा हिस्सा थोडासा शेष रहा, तब नाभिकुलकरकी मरुदेवा भार्याकी कूखसें श्री ऋषभदेवजीने जन्म लीया. तिस ऋषभदेवसें पहिलें, सर्व मनुष्य वनफल खातेथे, और वनोंहीमें रहतेथे, तथा धर्म, अधर्म, आदि जगत् व्यवहार कों अच्छीतरेंसें नही जानतेथे. श्री ऋषभदेवकों पूर्व जन्मके करे जपतपादिके फलसें, गृहस्था वस्था मेंही, मति, (१) श्रुति, (२) और अवधि, (३) यहतीन ज्ञानथे, तिनके बलसें राज्य व्यवहार, जगत् व्यवहार, विद्या, कला, शिल्प, कर्म, ज्योतिष, वैदिकादि सर्व व्यवहार श्री ऋषभदेवनें प्रजाकों बतलाये. इसहेतुसें श्री ऋषभदेवके ब्रह्मा, ईश्वर, आदीश्वर, प्रजापति, जगत् स्रष्टा, आदिनाम प्रसिद्ध हूए. ऋषभदेवनें राज्य अपने बडे पुत्र भरतकों दीना, जिसके नामसें यह भरतखंड प्रसिद्ध हूआ. और आप स्वयमेव दीक्षालेके, पृथिवी

ऊपर विचरने लगे. जबउनोंकों, केवलज्ञान, उत्पन्न हूआ, तब तिनोंनें प्रजाकों धर्मोपदेशदीया. इस अवसर्पिणी कालमें, प्रथम, ऋषभदेवसें ही इस भारत वर्षमें जैन धर्म प्रचलित हूआ, इसी हेतुसें श्री ऋषभदेवसें, इस इतिहास (तवारिख) रूप वृक्ष का लिखना शुरू कीया है. इनोंके, ८४, गणधर, और, ८४, गच्छ हूए. इनोंका विशेष वृत्तांत जंबूद्वीप प्रज्ञप्ति, आवश्यक सूत्र, त्रिषष्टि शलाका पुरुष चरितादि ग्रंथों में है.

अ—श्री ऋषभदेव स्वामीका शिष्य मरिची जब संयमपालने सामर्थ न हूआ, तब तिसने स्वकल्पना सें परिव्राजकका वेष धारण करा. तिसका शिष्य कपिलमुनि हूआ, तिसनें अपने आसुरिनामा शिष्यकों पंचवीश (२५) तत्वोंका उपदेश करा. तब आसुरिने षष्टि तंत्रनामा अपने मतका पुस्तक रचा, तिस आसुरिका भागुरि नामा शिष्य हूआ, तिस पीछे तिस मतके ईश्वर कृष्णादि आचार्य हूए. तिनमें एक 'संख' नामा बहुत प्रसिद्ध आचार्य हूआ, तिसके नामसें कापिलमतकों लोक 'सांख्यमत' कहने लगे. यह सांख्यमत निरीश्वरी

कहा जाता है. पीछे पतंजलि मुनि तिनके मतमें
हूआ, तिसने ईश्वर सांख्यमत, और योगशास्त्र
चलाया, परंतु हिंसक यज्ञ किसीभी सांख्यमत-
वालेनें नही निकाला है. यह वृत्तांत आवश्यक
सूत्रादि ग्रंथोंमें है.

व—श्री ऋषभदेवके बडे पुत्र भरतने षट्खंडका राज्य,
और चक्रवर्तिकी पद्वी पाई, तिसने श्री ऋषभदेवके
उपदेशसें ऋषभदेव भगवान्की स्तुति, और गृहस्थ
अर्थात् श्रावक धर्मके निरूपक चार वेद, श्रावक ब्रा-
ह्मणों के पढने वास्ते रचे, तिनके चार नाम रक्खे.
"संसारादर्शनवेद, (१) संस्थापनपरामर्शनवेद, (२)
तत्वावबोधवेद, (३) विद्याप्रबोधवेद, (४)" ईन चा-
रों वेदोंका पाठ, भरत महाराजा के मेहेल के श्रावक
लोक पठन पाठन करतेथे, और भरत राजा के क-
हने सें नित्य प्रतिचार वाक्य भरतकों सुना तेथे
यथा जितो भवान्, (१) वर्द्धतेभयं, (२) तस्मात्,
(३) महान माहन, (४) ईनमें पीछले 'माहन' शब्द
के वारंवार उच्चार न करने सें लोकोंने तिन श्रावकों
का नाम माहन, और ब्रह्मचर्य के पालने सें उन ही-
माहनोंका नाम ब्राह्मण प्रसिद्ध करा. यह चारों

आर्यवेद, और सम्यग् दृष्टि ब्राह्मण, यह दोनों वस्तु यें श्री सुविधिनाथ पुष्प दंततक यथार्थ चली. तथा जब श्री ऋषभदेवका कैलास (अष्टापद) पर्वत के उपर निर्वाण हूआ, तब इंद्रादि सर्व देवता निर्वाण महिमा करने कों आये. तिन सर्व देवताओंमें सुं अग्निकुमार देवतानें श्री ऋषभदेवकी चितामें अग्नि लगाई. तबसें ही यह श्रुति लोकमें प्रसिद्ध हूई है. "अग्नि मुखा वै देवाः" अर्थात् अग्निकुमार देवता सर्व देवताओंमें मुख्य है. और अल्प बुद्धियोंने तो यह श्रुतिका अर्थ ऐसा बनालीया है, कि अग्नि जो है, सो तेतीसक्रोड ३३००००००, देवताओंका मुख है. और जब देवताओंने श्री ऋषभदेवकी दाढा वगैरे लीनी, तब श्रावक ब्राह्मण मिलकर देवताओंकों अति भक्तिसें याचना करते हूए, तब देवता तिनकों बहुत जान करकें बडे यत्नसें याचनासें पीडे होए देखकर कहते हूए कि, अहो याचकाः! अहो याचकाः! तब हीसे ब्राह्मणोंकों याचक कहने लगे. तथा ब्राह्मणोंने श्री ऋषभदेवकी चितामेंसें अग्नि लेकर अपने अपने घरों में स्थापन करा, तिस कारणसें ब्राह्मणकों आहिताग्नय कहने लगे. तथा श्री ऋषभ-

देवकी चिता जले पी छें दाढादिक सर्वतो, देवता ले गये, शेष भस्म अर्थात् राख रह गई, सो ब्राह्मणों नें थोडी थोडी सर्व लोकोंकों दीनी, तिस राखकों लोकोंने अपने मस्तक उपर त्रिपुंड्रा कारसें लगाई, तब सें त्रिपुंड्र लगाना शुरू हूआ. यह सर्व वृत्तांत आवश्यक सूत्रादि ग्रंथोंमें है.

(२)

श्री अजितनाथ अरिहंत, तिनके ९५ गणधर, और, ९५ गच्छ गणधर उसकों कहते है, जो प्रथम बडे शिष्योंमें द्वादशांगीके जानकार, और १४ चौदह पूर्व के गूंथने अर्थात् रचने वाले होते है.

श्री अजितनाथ अरिहंत के वखत में दूसरा सगर चक्रवर्त्ती हूआ. यह कथन आवश्य कादि सूत्रों में है.

(३)

श्री संभवनाथ अरिहंत, तिनके १०२, गणधर, और, १०२, गच्छ. जिन साधुओंकी एक सरिषी वांचना होवे, तिनका समुदाय; अथवा घणे कुलोंका समूह होवे, सो, गच्छ; अर्थात् साधुओंका समुदाय. यह कथन श्री आवश्यक सूत्रादि ग्रंथों में है.

(४)

श्री अभिनंदननाथ अरिहंत, तिनके ११६, गण-

धर, और, ११६, गच्छ. आवश्यकादौ.

(५)

श्री सुमतिनाथ अरिहंत, तिनके १००, गणधर, और, १००, गच्छ. आवश्यकादि सूत्रे.

(६)

श्री पद्म प्रभ अरिहंत, तिनके १०७, गणधर, और, १०७, गच्छ. आवश्यकादौ.

(७)

श्री सुपार्श्वनाथ अरिहंत, तिनके ९५, गणधर, और, ९५, गच्छ. आवश्यकादौ.

(८)

श्री चंद्रप्रभ अरिहंत, तिनके ९३, गणधर, और, ९३, गच्छ. आवश्यकादौ.

(९)

श्री सुविधिनाथ पुष्पदंत अरिहंत, तिनके ८८, गणधर, और, ८८, गच्छ. यह कथन श्री आवश्यकादि सूत्रों में है.

अ—श्री सुविधिनाथ पुष्पदंत अरिहंत के निर्वाण हूआं पीछे, कितनेक कालतक, जैनशासन, अर्थात् द्वादशांग गणिपिडग, साधु, साध्वी, श्रावक, श्राविका, और चारों आर्यवेद, और तिन के पठन पाठन

करनेवाले जैन ब्राह्मण, यह सर्वथ्य व्यवच्छेदहो गये. भारत वर्षमें जैन धर्मका नाम निशान नहीं रहा, तबतिन ब्राह्मणोंकी संतानथी, तिनकों लोकोंने कहा, कि हमकों धर्मोपदेश करो, तबतिन ब्राह्मणाभासों-ने, अनेक तरेंकी श्रुतियां रची. तिनमें, इंद्र, वरुण, पूषा, नक्त, अग्नि, वायु, अश्विनौ, उषा, इत्यादि देवताओंकी उपासना करनी लोकोंकों उप-देश करा. और अनेकतरेंके यजन याजन करवाए. और कहने लगेकि, हमनें ईसीतरें अपने वृद्धों के मुखसें सुना है. इस हेतुसें तिनश्लोकोंका नाम श्रुति रख्खा, क्यों कितिस समयमें सत्य ज्ञानवाला, कोइ भीनहीथा, इस वास्ते जो तिनकों अच्छा लगा, सोइ अपना रक्षक देवमानके तिसकी स्तुति करी. और कन्या, गौ, भूमी, आदि दानके पात्र अपने आपकों ठहराये, और आप जगद्गुरुसर्वोपरि विद्यावंत बन गये. और लोकोंसें, पूर्वोक्त अपनी रची श्रुतियोंकों, वेदके नामसें प्रचलित करते हूए. ऐसें सांप्रतिकालमें माने ब्राह्मणोंके वेदकी उत्पत्ति हूइ. पीछे अनेक तरेंकी श्रुतियां रचते गये, और म-नमाना स्वकपोल कल्पित व्यवहार चलाते गये; और

अपने आपकों सर्वमें मुख्य ठहराये. यह कथन श्री भगवती सूत्र, आवश्यक सूत्र, आचार दिनकर आदि ग्रंथों में है.

(१०)

श्री शीतलनाथ अरिहंत, तिनके ८१, गणधर, और, ८१, गच्छ. आवश्यकादौ.

अ—जब श्री शीतलनाथ दशमें अरिहंत हूए, तब तिनोंने फिर जैन धर्मकी प्रवृत्ति करी; परंतु जंगली ऋषि ब्राह्मणोंनें तिनका उपदेश न माना किंतु भगवान् शीतलनाथके विरुद्ध प्ररूपणा करके, वेद धर्म ऐसा नाम रखके एकमत चलाया. तिसमतकों बहुत लोक मानने लगे, तब वेद धर्म जगत्में प्रसिद्ध हूआ. ऐसेंही श्री धर्मनाथ तीर्थंकर भगवान् तक सर्व जगे कितनेक काल जैन धर्म व्यवच्छेद होता गया, और वेद धर्म प्रबल हो गया. यदुक्त मागमे—"सिरि भरहचक्कवट्टी आयरिय वेयाण विस्सु उप्पत्ति माहण पढणत्थमिणं कहियं सुहझाण विवहारं ॥ १ ॥ जिणतित्थेवुच्छिण्णे मिछत्ते माहणे हिंतेठ विया अ संजयाण पूआ अप्पाणं काहि आतेहिं ॥२॥" इनदोनों गाथाका भावार्थ यहहै. श्री ऋषभदेवके पुत्र भरत

चक्रवर्तिसें आर्य वेदोंकी उत्पत्ति हूई. भरतने ब्राह्मणों के पढने वास्ते, शुभध्यान, और श्रावक धर्म काव्य वहार चलाने वास्ते बनाए. जब साताजिनों के अंतरोंसे, (श्री सुविधिनाथ पुष्पदंत के निर्वाणसें, श्री धर्मनाथजी के तीर्थ प्रवर्त्तितक,) तिनोंके तीर्थके व्यवच्छेद हूये, अर्हन् धर्मभी व्यवच्छेद हूआ; तबतिन ब्राह्मणा भासोंने मिथ्या वेद बनाके प्रवर्त्ता ए. और अपनी पूजा भक्ति करवाइ. असंजतिहो के जगत् में पूजवाए. यह असंजति पूजा नामा आश्चर्य उत्पन्न हूआ. इनोंका विशेष वृत्तांत आवश्यक सूत्रादि शास्त्रों में है.

(११)

श्रीश्रेयांसनाथ अरिहंत, तिनके ७६, गणधर, और ७६, गच्छ. आवश्यकादौ.

(१२)

श्री वासुपूज्य अरिहंत, तिनके ६६, गणधर, और, ६६, गच्छ. आवश्यकादौ.

(१३)

श्री विमलनाथ अरिहंत, तिनके ५७, गणधर, और, ५७ गच्छ आवश्यकादौ.

(१४)

श्री अनंतनाथ अरिहंत, तिनके ५०, गणधर, और ५० गच्छ. आवश्यकादौ.

(१५)

श्री धर्मनाथ अरिहंत, तिनके ४३, गणधर और, ४३, गच्छ. आवश्यकादौ.

(१६)

श्री शांतिनाथ अरिहंत, तिनके ३६, गणधर, और, ३६, गच्छ. आवश्यकादौ.

(१७)

श्री कुंथुनाथ अरिहंत, तिनके ३५, गणधर, और, ३५, गच्छ. आवश्यकादौ.

(१८)

श्री अरनाथ अरिहंत, तिनके ३३, गणधर, और, ३३, गच्छ. आवश्यकादौ.

(१९)

श्री मल्लिनाथ अरिहंत, तिनके २०, गणधर, और, २०, गच्छ. आवश्यकादौ.

(२०)

श्री मुनिसुव्रत स्वामी अरिहंत, तिनके १८, ग-

णधर, और, १८ गच्छ.

अ—लंकाका राजा रावण, जब दिग्विजय करनेके वास्ते देशोंमें चतुरंग दललेकर, राजाओंको अपणी आज्ञा मना रहाथा; इस अवसरमें, नारद मुनि, लाठी सोटे, ओर, लात, घूसयोंका पीटा हूआ, पुकारकरता हूआ, रावण के पास आया; तब रावणनें नारदकों पूछाकि, तुजकों किसने पीटा है? तब नारदने कहाकि, राजपुर नगरमें मरूत नामा राजा है, सो मिथ्या दृष्टि है. वो ब्राह्मणा भासोंके उपदेशसें यज्ञ करने लगा. होम के वास्ते, सौ निकोंकीतरे, वे ब्राह्मणा भास, अरराट शब्द करते हूअे, अैसें बिचारे पशुओंकों यज्ञमें मारते हूअे, मैनें देखे, तब मैंनें आकाशसें उतरके जहां मरूत राजा ब्राह्मणों के साथमें बैठाथा, तहां आकर मरूत राजाकों कहाकि, यह तुम क्या करने लग रहे हो? तब मरुत राजाने कहा, ब्राह्मणोंके उपदेशसें देवताओंकी तृप्ति वास्ते, और स्वर्ग वास्ते, यह यज्ञ, मैं, पशुओंके बलिदानसें करताहूं. यह महा धर्म है. (नारद रावणसें कहता है.) तब मैनें, मरुत राजाकों कहाकि, हे राजन्? जो वेदों में यज्ञ करना कहा है, वो यज्ञ मैं तुमकों सुनातहूं.

" आत्मा तो यज्ञका यष्टा अर्थात् करने वाला है तथा तपरूप अग्नि है, ज्ञानरूप घृत है, कर्मरूप इंधन है, क्रोध, मान, माया, और लोभादि पशु है, सत्य बोलने रूप यूप अर्थात् यज्ञस्तंभ है, तथा सर्व जीवोंकी रक्षा करणी यह दक्षिणा है, ज्ञान, दर्शन, चारित्र यह रत्नत्रयी रूप त्रिवेदी है. यह यज्ञ वेदका कहा हूआ है. ऐसा यज्ञ जो योगाभ्यास संयुक्त करे, वो करने वाला मुक्तरूप हो जाता है.और जो राक्षस तुल्य होके छागादि मार के यज्ञ करता है, सोमरके घोर नरकमें चिरकाल तक महादुःख भोगता है. हे राजन्! तुं उत्तम वंशमें उत्पन्न हूआ है, बुद्धिमान् है, इस वास्ते इस व्याधोचित पापसे निवर्त्तन होजा. जे कर प्राणीवधसेंही जीवोंको स्वर्ग मिलता होवे, तब तो थोडेही दिनोमें यह जीवलोक खाली हो जावेगा यह मेरा वचन सुनके यज्ञकी अग्निकीतरें प्रचंड हूऐ होये ब्राह्मण हाथमें लाठी, सोटे लेकर सर्व मेरेकों पीटने लगे, तब जैसें कोइ पुरुष नदीके पूरसें डरकर दीपेमें चला आता है, तैसें मैं दौडता हूआ तेरे पास पहुंचाहूं. हे रावण, हे राजन् बिचारे ! निरपराधी पशु मारे जाते है, तुं तिनकी रक्षा करणे में तत्पर

हो. जैसें मैं तेरे शरणसें बचाहूं, ऐसें तुं पशुओंको भी बचाव. तब रावण विमानसें उतर के मरुत राजाके पास गया, मरुत राजाने रावणकी बहुत पूजा भक्ति करी, और आदर सन्मान करा. तब रावण कोपमें होकर मरुत राजाको ऐसें कहता हूआ. अरे! तुं नरकका देनेवाला यह यज्ञ क्या कर रहा है? क्योंकि धर्म तो अहिंसा रूप सर्वज्ञ तीर्थंकरोंने कहा है. और सोइ धर्म जगत्के हितका करने वाला है. जब तुमने पशुओंको मारके धर्म समझा, तब तुमकों हितकारक क्योंकर होवेगा? इस वास्ते यह यज्ञ तुमकों दोनों लोकमें अहितकारक है, इसकों छोड दो, नही तो इस यज्ञका फल तुमकों इस लोकमें तो मैं देताहूं, और परलोकमें तुमारा नरकमें वास होवेगा. यह सुनकर मरुत राजाने यज्ञ करना छोड दीया, क्योंकि रावणकी आज्ञा उस वखत ऐसी भयंकरथी, कि कोइ उसकों उल्लंघन नाहि कर सकता था.

यह कथन, श्रीआवश्यक सूत्र, आचार दिनकर, त्रिषष्टि शलाका पुरुष चरितादि ग्रंथोंमें है.

इस पूर्वोक्त कथानकसें यहभी मालुम होजाताहै,

कि जो ब्राह्मण लोक कहते है, कि आगें राक्षस यज्ञ विद्धंस कर देतेथे, सो क्या जाने ? रावणादि जबर-दस्त जैन धर्मी राजें पशुवध रूप यज्ञ करणा छुडा देतेथे, तबसेंही ब्राह्मणोंने पुराणादि शास्त्रों में उन जबरदस्त राजाओंकों राक्षसोंके नामसें लिखा है ? तथा यहभी सुननेमें आया है, कि नारदजीनेभी, मायाके वशसें जैनमत धारके वेदोंकी निंदा करीथी. तो क्या जाने ? इस पूर्वोक्त कथानकका यही तात्पर्य्य लोकोंने लिख लीया हो ?

व—रावणनें नारदकों पूछाकि, ऐसा पापकारी पशु वधात्मक यह यग कहांसें चला है, तब नारदजीनें कहाकि—शुक्तिमती नदी के किनारे उपर ओक शुक्ति मती नगरी है. तिसमें हरिवंशीय श्रीमुनिसुव्रत स्वामी तीर्थंकरकी औलादमें जब कितनेक राजे व्यतीत हो गये, तब अभिचंद्र नामा राजा हूआ. तिस अभि-चंद्र राजाका वसुनामा बेटा हूआ. वो वसु महा बुद्धिमान्, सत्यवादी, लोकोंमें प्रसिद्ध हूआ. उसी नगरीमें ओक क्षीरकदंबक नामा उपाध्याय रहताथा. तिसके पर्वतनामा पुत्र था. उस क्षीरकदंबक उपा-ध्यायके पास राजाका बेटा वसु, (१) उपाध्यायका

बेटा पर्वत, (२) औरमैं (नारद) हमतीनो पढतेथे. अेकदा समय, हमतो तीनो जन पाठ करने के श्रमसें रात्रिकों सो गयेथे, और उपाध्याय जागताथा. हम छत उपर सूतेथे. तब दो चारण साधु ज्ञानवान् आकाशमें परससपर वार्ता करते चले जातेथे, कि यह क्षीरकदंबक उपाध्याय के तीन छात्रोंमेंसुं दो नरकमें जावेंगें, और एक स्वर्गमे जावेगा. यह मुनियोंका कहना सुनकरके उपाध्याय चिंता करने लगा, कि जब मेरे पढाये हूये नरकमें जायेंगे तब यह मुजकों बहुत दुःख है, परंतु इन तीनोंमेंसुं नरक कौन जायेंगे? और स्वर्ग कौन जायगा? इस बातके जानने वास्ते तीनोंकों एक साथ बुलाये. पीछे गुरुने हम तीनोंकों एकैक पीठिका कुक्कड दीया, और कहदीयाकि इनकों ऐसी जगेमें मारो जहां कोइभी न देखता होवे? पीछे वसु और पर्वत यह दोनों शून्य जगाओंमे जाकर दोनों पीठिके बनाये कुक्कडोंकों मार ल्याये, और मैं (नारद) उस पीठिके कुक्कडकों लेकर बहुत दूर नगरसें वाहिर चला गया. जहां कोइभी नहीथा, तहां जाकर खडा हूआ, चारों और देखने लगा, और मनमें यह तर्क उत्पन्न हूआ, कि

गुरु महाराजने तो यह आज्ञा कीनीहैं, कि हे वत्स! यह कुक्कड, तूं तहां मारी, जहां कोइ देखता न होवे, तो यह कुक्कड देखता है, और मेंभी देखता हूं. खेचर देखते है, लोकपाल देखते है, ज्ञानी देखते है, ऐसा तो जगत्में कोइभी स्थान नही जहां कोइभी देखता न होवे. इस वास्ते गुरुके कहनेका यही तात्पर्य्य है, कि इस कुक्कडका वध नही करना. क्योंकि गुरु पूज्य तो सदा दयावान्, और हिंसासें पराङ्मुख है. निः केवल हमारी परीक्षा लेने वास्ते यह आदेश दीयाहै. ऐसा विचार करके विनाही मारे कुक्कडकों लेके मैं (नारद) गुरुके पास चला आया, और कुक्कुडके न मारनेका सबब सर्व गुरुकों कहदीया, तब गुरुने मनमें निश्चय करलीयाकि, यह नारद, ऐसे विवेकवालाहै, सो स्वर्ग जायगा. तब गुरुजीने मुजकों छातीसें लगाया, और बहुत साधुकार कहा. तथा वसु और पर्वतभी मेरेसें पीछे गुरुके पास आये, और गुरुकों कहते हूये, कि हम कुक्कडकों ऐसी जगे मारकें आयेहैं कि जहां कोइभी देखता नहीथा. तब गुरुने कहा तुमतो देखतेथे, तथा खेचर देखतेथे, तबहे पापिष्ठो! तुमने कुक्कड क्यों मारे? ऐसे कहकर गुरु-

ने शोचाकि, पर्वत, और वसुके पढानेकी मेहनत, मैनें व्यर्थही करी. मैं क्या करुं? पानी, जैसे पात्रमें जाताहै, वैसाहीबन्न जाताहै. विद्याकाभी यही स्वभावहै. जबप्राणोंसे प्यारा पर्वत पुत्र, और पुत्रसें प्यारा वसु, यह दोनों नरकमें जायगें, तो मुजे फेर घरमें रहकर क्या करणा हैं? ऐसें निर्वेदसें क्षीर कदंबक उपाध्यायने दीक्षा ग्रहण करी, और साधु हो गया. तिसके पद ऊपर पर्वत बैठा, क्योंकि व्याख्या करणे में पर्वत बडा विचक्षणथा. और मैं (नारद) गुरुके प्रसादसें सर्व शास्त्रोंमें पंडित होकर, अपणे स्थानमें चला आया. तथा अभिचंद्र राजाने राज्य छोडकर संयम लीया, और वसुराजा राज्य सिंहासन ऊपर बैठा. वसुराजा जगतमें सत्यवादी प्रसिद्ध हो गया, अर्थात् वसुराजा जूठ नही बोलता है, ऐसा प्रसिद्ध हो गया. वसुराजानेभी, अपणी प्रसिद्धि कों कायम रखने वास्ते, सत्यही बोलना अंगीकार कीया, वसुराजाकों एक स्फटिकका सिंहासन गुप्तपणे ऐसा मिलाकि—सूर्य के चांदणे में जब वसुराजा उसके ऊपर बैठताथा, तब सिंहासन लोकोंकों बिलकुल नहीं दीख पडताथा, तब लोकोंमें यह प-

सिद्धि हो गइकि सत्यके प्रभावसें वसुराजाका सिंहासन देवता आकाशमें थांभे रखते है. तब सब राजा डरके वसुराजाकी आज्ञा मानने लग गये, क्योंकि चाहो सच्ची हो, चाहो जूठी हो, तोभी प्रसिद्धि जो है, सो पुरुषों कों जयकारिणी होती है.

एकदा प्रस्तावे, मैं (नारद) शुक्तिमती नगरीमें गया, उहां जाकर पर्वतकों देखातो, वो, अपणे शिष्योंकों वेद पढा रहा है, और उसकी व्याख्या करता है तब वेदमें एक ऐसीश्रुति आइ. "अजैर्यष्टव्यमिति" पर्वतने इसश्रुतिकी ऐसी व्याख्या करी, जो 'अजा' नाम छागका (बकरीका) है तिनोंसें यज्ञ करना, अर्थात् तिनकों मारके तिनके मांसका होम करना. तब मैनें (नारदनें) पर्वतकों कहाकि हे भ्रातर! यह व्याख्या तुं क्या भ्रांतिसें करताहै? क्यों कि, गुरु श्री क्षीर कदंबकने इसश्रुतिकी ऐसी व्याख्या नही करी है; गुरुजीने तो, तीन वर्षका-धान्य पुराणे जौंका ऐसा अर्थ, यह श्रुतिका करा है. "नजायंतइत्यजाः" जो बोनेसें न उत्पन्न होवे, सो अजा, ऐसा अर्थ श्री गुरुजीने तुमकों, और हमकों शिखलायाथा; वो अर्थ तुमने किस हेतुसें भूला

दीया? तब पर्वतने कहाकि, तुमने जो अर्थ करा है, सो अर्थ गुरुजीनें नही कहाथा, किंतु जो अर्थ मैनें करा है, सो अर्थ गुरुजीने कहाथा. तथा निघंटुमें-भी, अजा नाम बकरीका ही लिखाहै. तब मैनें (नारदनें) पर्वतकों कहाकि, शब्दोंका अर्थ दो तरेंका होता है, एक मुख्यार्थ, और दूसरा गौणार्थ. यहां श्री गुरुने गौणार्थ कराथा. गुरु धर्मो पदेष्टाका वचन, और यथार्थ श्रुतिका अर्थ, दोनोंकों अन्यथा कर के हे मित्र? तुं महा पाप उपार्जन मत कर. तब फेर पर्वतने कहाकि अजा शब्दका अर्थ श्री गुरुजीने मेषका करा है, निघंटुमेंभी ऐसेही अर्थ है, इनकों उल्लंघन करके तुं अधर्म उपार्जन करता है, इस वास्ते वसुराजा आपणा सहाध्यायी है, तिसकों मध्यस्थ करके इस अर्थका निर्णय करो, और जो जूठा होवे, तिसकी जीव्हा च्छेद करणी, ऐसी प्रतिज्ञा कही. तब मैनेंभी पर्वतका कहना मान लीया, क्योंकि सांचकों क्या आंच है? तब पर्वतकी माताने पर्वतकों छाना कहाकि हे पुत्र! तुं ऐसा जूठा कदाग्रह मत कर. क्योंकि मैनेंभी इस श्रुतिका अर्थ तेरे पितामें तीन वर्षका धान्यही सुनाहै. इस वास्ते तैंने

जो जीव्हा च्छेदकी प्रतिज्ञा करी है, सो अच्छी न-
ही करी, क्योंकि जो विना विचारें काम करता है,
वो अवश्य आपदा में पडता है. तब पर्वत कहने
लगाकि हे मातः! जो मैंनें प्रतिज्ञा करी है, वो अ-
ब मैं किसी तरेंसेंभी दूर नही कर सक्ताहूं. तब माता
अपने पर्वत पुत्रके दुःखकी पीडी हुइ दुःखिनी हो-
कर वसुराजाके पास पहुंची, क्योंकि पुत्रके जी-
वितव्य वास्ते कौन ऐसी है, जो उपाय न करे?
जब वसुराजाने अपने गुरुकी पत्नीकों आती देखी
तब सिंहासनसें उठके खडा हूआ, और कहने लगा-
कि, मैनें आज क्षीर कदंबकका दर्शन करा जो मा-
ता तुजकों देखी. अब हे मातः? कहो (आज्ञा क-
रो) मैं क्या करुं? और क्या देऊं? तब ब्राह्मणी कह-
ने लगीकि, तूं मुजे पुत्रकी भिक्षा दे; क्योंकि, विना
पुत्रके मैंने हे पुत्र! धन धान्य क्या करणा है? तब
वसुराजा कहने लगा हे मातः! मेरेकों तो पर्वत पू-
जने और पालने योग्य है, क्योंकि, गुरुकीतरें गुरु
कें पुत्रकी साथ भीवर्त्तना चाहिये, यह श्रुतिका वा-
क्य हैं, तो फेर आज किसकों कालने क्रोधमें आकर
पत्र भेजा है, जो मेरे भाइ पर्वतकों मारा चाहता है?

इस वास्ते हे मातः ! तुं मुझे सर्व वृत्तांत कहदे. तब ब्राह्मणीने अपणे पुत्रका अज व्याख्यान, और जीव्हा च्छेदकी प्रतिज्ञा कह सुनाई, और कहाकि, जो तैनें अपने भाइकी रक्षा करनीहो ? तो अजा शब्दका अर्थ मेष अर्थात् बकरी बकरा करना. क्योंकि, महात्मा जन परोपकारके वास्ते अपने प्राणभी दे देते हैं, तो वचनसें परोपकार करनेमें तो क्याही कहना है ? तब वसुराजाने कहाकि, हे मातः ! मैं मिथ्या वचन, क्योंकर बोलुं ? क्योंकि, सत्य बोलने वाले पुरुष, जे कर अपणे प्राणभी जातें देखे, तोभी असत्य नही बोलते है तो फेर गुरुका वचन अन्यथा करणा, और जूठी साक्षी देणी, इसका तो क्याही कहणा है? तब ब्राह्मणीने कहाकि, या तो गुरुके पुत्रकी जान बचेंगी, या तेरा सत्य व्रतका आग्रहही रहेगा; और मैंभी तुजे अपने प्राणकी हत्या दऊंगी. तब वसुराजाने लाचार होकर ब्राह्मणीका वचन माना. पीछे क्षीरकदंबककी भार्या प्रमुदित होकर अपने घरकों चली गई. इतनेंहीमें मैं, (नारद), और पर्वत दोनों जने वसुराजाकी सभामें गये. वहां सभामें बडे बडे विद्वान् एकिठे मिले, और वसुराजा, सभाके विचमें

सभापति होकर स्फाटिकके सिंहासन ऊपर बैठा. तब पर्वतनें और मैनें (नारदने) अपनी अपनी व्याख्याका पक्ष सुणाया, और असाभी कहाकि, हे राजन्! तूं सत्य कहदेकि, गुरूजीनें इन दोनों अर्थों मेंसुं कौनसा अर्थ कहाथा ? तब वृद्ध ब्राह्मणोंने कहाकि, हे राजन्! तूं सत्य सत्य जो होवे, सो कहदे. क्योंकि, सत्यसेंही मेघ वर्षता है. सत्यसेंही देवता सिद्ध होते है. सत्यके प्रभावसेंही यह लोक खडा है. और तुं पृथिवीमें सत्यवादी सूर्यकी तरें प्रकाशक है, इस वास्ते सत्यही कहना तुमकों उचित है. और इससें अधिक हम क्या कहै ? यह वचन सुनकरभी वसुराजाने अपने सत्य बोलनेकी प्रतिज्ञाकों जलांजलि देकर " अजान् मेषान् गुरूर्वाख्य दिति " अर्थात् अजाका अर्थ गुरूने मेष (बकरे) कहेथे. ऐसी साक्षी वसुराजाने कही. तब इस असत्यके प्रभावसें राज्याधिष्ठायक व्यंतर देवतानें वसुराजाके सिंहासनकों तोडके, वसुराजाकों पृथिवी के ऊपर पटकके मारा. तब वसुराजा मरके सप्तमी नरकमें गया.

" वसुराजाके पीछे राज्य सिंहासन ऊपर वसुराजाके आठ पुत्र, पृथुवसु, (१) चित्रवसु, (२) वासन,

(३) शक्त, (४) विभावसु, (५) विश्वावसु, (६) सूर, (७) महासूर, (८) अनुक्रमसें गद्दी ऊपर बैठे. तिन आठोंहीकों व्यंतर देवताओंने मार दीये. तब सुवसुनामा नवमा पुत्र, तहांसे भागकर नागपुरमें चला गया. और दशमा बृहध्ध्वज नामा पुत्र, भागकर मथुरांमें चला गया, और मथुरामें राज्य करने लगा. ईस बृहध्ध्वजकी संतानोमें यदुनामा राजा वहु प्रसिद्ध हूआ. ईस वास्ते हरिवंशका नाम छूट गया, और यदुवंश प्रसिद्ध हो गया.

यदुराजाके सूर नामक पुत्र हूआ, तिस सूर राजाके दो पूत्र हूए. शौरी, (१) और सुवीर, (२) शौरीपीताके पीछे राजा बना. शौरीने मथुरांका राज्य अपने छोटे भाइ सुवीरकों दे दीया, और आप कुशावर्त्त देशमें जाकर अपने नामका शौरीपुर नगर वसाके राजधानी बनाइ.

शौरीके अंधकविष्ण आदि पुत्र हूए. अंधकविष्णके दश बेटे हूअे. समुद्रविजय, (१) अक्षोभ्य. (२) स्तिमित, (३) सागर, (४) हीमवान्, (५) अचल, (६) धरण, (७) पूर्ण, [८] अभिचंद्र, [९] और वसुदेव. [१०] समुद्रविजयके बेटे अरिष्टनेमि: जैनम-

तके, २२, बावीसमें तीर्थंकर हूअे. औरभी समुद्रवि-
जयजीके दृढनेमि, रथनेमि, आदि बेटेथे.

वसुदेवजीके बेटे बडे प्रतापी कृष्ण वासुदेव, और
बलभद्रजी हूअे. सुवीरनामा जो सूर राजाका दूसरा
पुत्र था, उसका बेटा भोजवृष्णि हूआ. भोजवृष्णिका
उग्रसेन, और उग्रसेनका बेटा कंस हूआ.

वसुराजाका नवमा पुत्र सुवसु, जो भागके ना-
गपुर गयाथा, तिसका पुत्र बृहद्रथनामा हूआ, ति-
सने राजगृहमें आकर राज्य करा. तिसका बेटा ज-
रासिंध हूआ." यहप्रसंगसे लिखदीया है.

तब नगरके लोक, और पंडितोनें पर्वतका बहुत
उपहास करा, और पर्वतको कहा, कि तूं जूठा है, क्योंकि
तेरे साक्षी वसुकों जूठा जानकर देवताने मारदीया,
इस वास्ते तेरेसें अधिक पापी कौनहै ? अैसें कहकर
लोकोंने मिलकर पर्वतकों नगरसे बाहिर निकाल
दीया. तब महाकाल असूर, उस पर्वतका सहायक
हूआ. रावणने नारदकों पुछाकि, वो महाकाल अ-
सुर कौनथा ? तब नारदने कहा कि, यहां चरणायु-
गल नामा नगर है, तिसमें अयोधन नामा राजा
था. तिसकी दिती नामा भार्या थी. तिसकी सुलसा

नामक बहुत रूपवती बेटी थी. तिस सुलसाका स्व- यंवर, उसके पिता अयोधन नामा राजाने करा. उहां और सर्व राजे बुलवाये. तिन सर्व राजा ओमेंसें सगर राजा अधिक था. तिस सगर राजाकी मंदोदरी नामा रणवासकी दरवाजेदार सगरकी आज्ञासें प्र- तिदिन अयोधन राजाके आवासमें जाती हूई. एक दिन दिति घरके बागके कदली घरमें गई. और सुलसाके साथ मंदोदरीभी तहां आगई. मंदोदरी; दिति और सुलसाकी बातां सुननेके वास्ते तहां छिप गइ. दिति सुलसाकों कहने लगी हे बेटी ? मेरे म- नमें इस तेरे स्वयंवरमें बडा शल्य है, तिसका उद्धार करना तेरे अधीन है, इस वास्ते तुं मूलसें सुनले.

श्री ऋषभदेव स्वामीके बेटोंमें भरत, और बाहुबली यह दो पुत्र हूअे, तिनमें भरतका पुत्र सूर्ययश, और बाहुबलीका चंद्रयश, जीनोसें सूर्यवंश, और चंद्रवंश चलेहै. चंद्रवंशमें मेरा भाइ तृणबिंदु नामा हूआ, और सूर्यवंशमे तेरा पिता राजा अयोधन हूआ. अयोध- न राजाकी बहिन सत्ययशा नामा तृणबिंदुकी भार्या हूइ, तिसका बेटा मधुपिंगलनामामेरा भत्रीजा है. इस वास्ते हे सुंदरी ! मैं तेरेकों तिस मधुपिंगलको

दीइ चाहती हूं. और तूंतो, क्या जाने स्वयंवरमे कि-
सकों देइ जावेगी ? मेरे मनमें यहशल्य है, इस वास्ते
तुने स्वयंवरमें सर्व राजाओंकों छोडके मेरे भत्रीजे
मधुपिंगलकों वरना. तब सुलसाने माताका कहना
स्वीकार करलीया. और मंदोदरीने यह सर्व वृत्तांत
सुनकर सगर राजाकों कहदीया. तब सगर राजाने
अपने व्रिश्वभूति नामा पुरोहितकों आदेश दीया.
वो विश्वभूति, बडा कवि था. उसने तत्काल राजा-
के लक्षणोंकी संहिता बनाइ. तिस संहितामें अैसें
लिखाकि जीससें सगर तो शुभ लक्षणोवाला बन-
जावे, और मधुपिंगल, लक्षणहीन सिद्ध हो जावे.
तिस पुस्तककों संदूकमें बंध करके रख छोडा. जब
सब राजा आकर स्वयंवरमें अेकिठे हूअे, तब सगर
की आज्ञासें विश्वभूतिने वो पुस्तक काढा. और
सगरने कहाकि जो लक्षणहिन होवे, तिसकों यातो
मारदेना, या स्वयंवरसे बाहिर निकाल देना. यह
कहना सबीने मानलीया. तब पुरोहित, यथा यथा
पुस्तक वांचता गया, तथा तथा मधुपिंगल, अपनेकों
अपलक्षणवाला मानकर लज्जावान् होता गया, और
अंतमे स्वयंवरसें आपहि निकल गया. तब सुलसा-

ने सगरको वरलीया. और सर्व राजे अपने अपने स्थानोंमें चले गये. और मधुपिंगल, उस अपमानसें बाल तप करके साठहजार (६०००) वर्षकी आयु-वाला महाकाल नामा असूर, परमाधार्मिक, देव हूआ. तब अवधि ज्ञानसें सगरका कपट, जो उसने सुल-साके स्वयंवरमें जूठा पुस्तक बनाया था, और अप-ना जो अपमान हूआथा, सोदेखा और जाना तब विचार कराकि, सगर राजादिकों कों मैं मारुं तब-तिनों के छिद्र देखने लगा. जब शुक्तिमती नगरीके पास पर्वतकों देखा, तब ब्राह्मणका रूप करके पर्व-तकों कहने लगाकि, हे पर्वत ? मैं तेरे पिताका मि-त्रहूं. मेरा नाम शांडिल्य है. मैं, और तेरा पिता, हम दोनो साथ होकर गौतम उपाध्यायके पास पढेथे. मैंनें सुनाहै, कि नारदने, और दूसरे लोकोंने तुजे बहुत दुःखी करा. अब मैं तेरा पक्ष पूर्ण करुंगा, और मंत्रों करके लोकोंकों विमोहित करुंगा, यह कहकर पर्व-तके साथ मिलकर लोकोंकों नरकमें डालने वास्ते तिस असुरने बहुत व्यामोह करे. व्याधि, भूतादि दोष, लोकोंकों करदीये. पीछे उहां जो लोक पर्वतका वचन मानलेतेथे, उनोंकों अच्छा करदेताथा. शां-

डिल्यकी आज्ञासे पर्वतभी, लोकोंको अच्छा करने लगा. इस तरेंसें उपकार करके लोकोंको अपने मतमें मिलाता जाताथा. तब तिस असुरने सगर राजाकों, तथा तिसकी राणीयोंकों बहुत भारी रोगादिकका उपद्रव करा, तबतो राजाभी पर्वतका सेवक बना. पर्वतने शांडिल्यके साथ मिलकर तिसका रोग शांत करा, और पर्वतने राजाकों उपदेश कराकि, हे राजन् ! सौत्रामणिनामा यज्ञ करके मद्यपान, अर्थात् शराब पीनेमें दोष नहीं है. तथा गोसवनामा यज्ञमें अगम्य स्त्री चांडाली आदि तथा माता, बहिन, बेटी आदिसें विषय सेवन करना चाहिये.

मातृ मेधमें माताका, और पितृमेधमें पिताका, वध, अंतर्वेदी कुरुक्षेत्रादिकमें करे तो दोष नही. तथा कच्छुकी पीठ ऊपर अग्नि स्थापन करके तर्पण करे, कदाचित् कच्छु न मिले तो, शुद्ध ब्राह्मणके मस्तककी टटरी ऊपर अग्नि स्थापन करके होम करे, क्योंकि, टटरीभी कच्छुकी तरें होतीहै. तथा इस बातमें हिंसा नहीं है. क्योंकि वेदोंमें लिखाहै. "सर्ववै पुरुषे वेदं यद्भूतं यद्भविष्यति ईशानोयं मृतत्वस्य यदन्नेना तिरोहति" इसका भावार्थ यहहै कि, जो कुछ है,

सो सर्व ब्रह्मरूपही है. जब एकही ब्रह्म हूआ, तब कौन किसीकों मारता है? इस वास्ते यथा रुचिसें यज्ञोंमें जीव हिंसा करो, और तिन जीवोंका मांस भक्षण करो. इसमें कुछ दोष नही है. क्योंकि, देवो द्देश करनेसें मांस पवित्र होजाताहै. इत्यादि उपदेश देकर, सगरराजाकों अपने मतमें स्थापन करके, अंतर्वेदी कुरुक्षेत्रादिमें, वो पर्वत, यज्ञ कराता हूआ. तब महाकाल असुर अवसरपाके, राजसूयादिक यज्ञभी कराता हूआ, और जो जीव यज्ञमें मारे जाते थे, तिनकों विमानमे बैठाके, देवमायासें देखाता हूआ. तब लोकोंकोंभी प्रतीत आ गइ. पीछे वो निःशंक होकर जीव हिंसा रूप यज्ञ करने लगे, और पर्वतका मत मानने लगे, सगर राजाभी, यज्ञ करनेमें बडा तत्पर हूआ. सुलसा, और सगर, दोनों मरके नरकमें गये, तब महाकालासुरने सगर राजा कों मार पीटादिक महादुःख देके अपणा वैर लीया. इसवास्ते हे रावण! पर्वत पापीसें यहजीवहिंसा रूप यज्ञ विशेपकरके प्रवर्त्त हूए है. इत्यादिक वृत्तांत श्री आवश्यक सूत्र, श्री हेमचंद्राचार्य विरचित त्रिषष्टिशलाका पुरुप चरित, आचार दिनकरादि ग्रंथोमें विस्तार पूर्वक है.

(२१)

श्री नामिनाथ अरिहंत, तिनके १७, गणधर, और, १७, गच्छ. आवश्यकादौ.

(२२)

श्री अरिष्टनेमि अरिहंत, तिनके ११, गणधर, और, ११, गच्छ. आवश्यकादौ.

अ—इन तीर्थंकरके समयमें बारांवर्षीय दुर्भिक्ष काल पडाथा, यह कथन श्री महानिशीथ सूत्रमें है. तिस समय गौतम ऋषि, मगधदेशमें रहताथा. तिसदेश में वेदांत मानने वाले लोक, गौतमके पास रहने लगे, तब परस्पर गौतमके परिवार वाले, और वेदांत मानने वाले ब्राह्मणोंकी, ईर्षा उत्पन्न हुई. तब गौतमके परिवार वाले गौतमसें कहने लगेकि, यह वेदांत मानने वाले, अपने मनमें वेदांतका बहुत घमंड रखते है, और हमारी बहुत निंदा करते है. तब गौतमने वेदांत खंडन करने वास्ते, न्याय सूत्र रचे, और तिनसें वेदांतका खंडन कीया. यह नैयायिकमत, वेदवेदांतका प्रतिपक्षी है.

ब—व्यासजी, जो कि, कृष्ण द्वैपायन नामकेसे प-

सिद्ध है. तिसनें सर्व ब्राह्मणोंसें सर्व श्रुतिओं एकठ्ठी करके, तिनके चार भाग बनाये. तिनमें प्रथम भाग का नाम "ऋग्वेद" रख्खा, और अपने पैलनामा शिष्यकों दीना. दूसरे भागका नाम "यजुर्वेद", रख्खा, और अपने वैश्यंपायननामा शिष्यकों दीना. तीसरे भागका नाम "सामवेद", रख्खा, सो अपने जैमनिनामा शिष्यकों दीना. और चौथे भागका नाम "अथर्ववेद", रख्खा सो अपने समंतुनामा शिष्यकों दीना. यहांसें ऋग्वेदादिचारों वेद प्रचलित हूए. यह कथन यजुर्वेद भाष्यानुसार प्रायःहै॥ व्यास-जीने ब्रह्मसूत्र रचे, तिनसें वेदांत मतका मूख्य आ-चार्य व्यासजी हूआ. "यह वेदांत मत हमारी कल्प ना मुजिब, जैन, और सांख्य मतकी छायासें, तथा जैन मतकी प्रबलतामें बनाया सिद्ध होता है. क्यों कि, तिनमें (वेदांतमें) वेदोक्त हिंसक यज्ञकी निंदा लिखी है. तथा लोकोंमें जो यह कहावत चलतीहै, कि जैन मत थोडेही दिनोंसें प्रचलित हूआ है, सोभी लोकोकी कहावत इसवेद व्यासके बनाये ब्रह्मसूत्रसें जूठी हो गइ है. क्यों कि, वेद व्यासने अपने रचे ब्रह्मसूत्र के दूसरे अध्याय के दूसरे पादके तेतीसमे

३३, सूत्रमें जैनमतकी स्याद्वाद सप्तभंगीका खंडन लिखाहै, सो सूत्र यहहै. "नैकस्मिन्नसंभवात्" ॥३३॥ इस लेखसें सिद्ध होताहै, कि जैनमत वेदव्याससें भी प्रथम था. जे कर नहोता तो, वेदव्यास अपने रचे सूत्रोमें खंडन किसका करते?" *

व्यासजिका जैमनि नामा शिष्य, मीमांसक शास्त्रका कर्त्ता, मीमांसक मतका मुख्य आचार्य गिना जाता है. शेष उपनिषदों, और वेदांग, अन्य अन्य ऋषियोंनें पीछेसें बनाये है.

तथा व्यासजिका शिष्य वैश्यंपायन, तिसका शिष्य याज्ञवल्क्य, तिसकी अपने गुरु वैश्यंपायनसें, तथा अन्य ऋषियोंसें लडाइ हूइ, तब याज्ञवल्क्यने यजुर्वेद वमन करा, अर्थात् त्यागदीना, और किसी सूर्यनामा ऋषिसें मिलके नवीन यजुर्वेद रचा, तिसका नाम शुक्ल यजुर्वेद रक्खा. याज्ञवल्क्यके पक्षमें बहुत ब्राह्मण हो गये, तिनोंने मिलके पहिले यजुर्वेदका नाम "कृष्ण यजुर्वेद" अर्थात् अंधकाररूप यजुर्वेद रक्खा, और तिसको सापित वेद

* वेदव्यासके करे खंडनका खंडन, और सप्तभंगीका स्वरूप तथा युक्तिद्वारा मंडन, तत्त्वनिर्णय प्रासादमे है.

ठहराया. पीछे याज्ञवल्क्यसें, और सुलसासें पीप्पलाद पुत्र उत्पन्न हूआ; तिनका वृत्तांत जैन मतके ग्रंथोमें असा लिखा है.-काशपुरीमें दो संन्यासणीयां रहती थी, तिसमें एकका नाम सुलसा था, और दूसरीका नाम सुभद्रा था. येह दोनोंही, वेद वेदांगोकी जानकारथी. तिन दोनों बहिनोंने बहुत वादीयोंको वादमें जीते. इस अवसरमें याज्ञवल्क्य परिव्राजक, तिनके साथ वाद करनेकों आया. और आपसमें असी प्रतिज्ञा करी कि, जो हारजावे, वो जीतने वालेकी सेवा करे. तब याज्ञवल्क्यनें वादमें सुलसाकों जीतके अपणी सेवा करनेवाली बनाइ. सुलसाभी रातदिन याज्ञवल्क्यकी सेवा करणे लगी. याज्ञवल्क्य, और सुलसा, यह दोनों यौवनवंत (तरुण) थे, इस वास्ते दोनोंही कामातुर होके भोगविलास करने लगगये. दोनों काम क्रिडामें मग्न होकर काशपुरीके निकट कुटीमें वास करते थे. तब याज्ञवल्क्य, और सुलसासें पुत्र उत्पन्न हूआ. पीछे लोकोंके उपहासके भयसें उस लडकेकों पीपलके वृक्षके हेट छोडकर दोनों नटके कहीं चले गये. यह वृत्तांत सुभद्रा; जो सुलसाकी बहिन थी, उसने सुणा.

तब तिस बालकके पास आइ. जब बालककों देखा तो, वो बालक, पिप्पलका फल स्वयमेव मुखमें पडे कोंचबोल रहाहै, तब तिसका नाम भी 'पिप्पलाद' रक्खा, और अपणे स्थानमें लेजाके यत्नसें पाला, और वेदादि शास्त्र पढाये. पिप्पलाद बडा बुद्धिमान् हूआ. तिसनें बहुत वादीयोंका अभिमान, वादमें हराके दूर करा. तब याज्ञवल्क्य, और सुलसा, पिप्पलादके साथ वाद करनेकों आया. पिप्पलादनें दोनोंकों वादमें जीत लीये, और सुभद्रा मासीके कहनेसें जाना कि, यह दोनों मेरे मातापिता है, और मुजे जन्मतेकों निर्दय होकर छोड गयेथे. जब पिप्पलाद, बहुत क्रोधमें आया, तब याज्ञवल्क्य, और सुलसाके आगे मातृमेध पितृमेध यज्ञोंकों युक्तिसें श्रुतियोंद्वारा स्थापन करके, पितृमेधमें याज्ञवल्क्यकों, और मातृमेधमें सुलसाकों मारके होम करा. यह पिप्पलाद मीमांसक मतकी प्रसिद्धि करनेमें मूख्य आचार्य हूआ. इसका बातली नामा शिष्य हूआ. इस तरेसें दिनप्रतिदिन हिंसक यज्ञ बढते गये. जबसें जैन, और बौद्धादिकोंका जोर बढा, तबसें मंद हो गये. यह वृत्तांत महीधर कृत यजुर्वेद भाष्यमें, आव-

श्यक सूत्र, त्रिषष्टिशलाका पुरुष चरितादि ग्रंथोमें है.

तथा इस वर्त्तमान कालमें जो चारों वेद है, तिनकी उत्पत्ति दाक्तर मोक्ष मूलर साहिब, अपने बनाये संस्कृत साहित्य ग्रंथमें ऐसें लिखते है, कि "वेदोंमें दो भाग है. एक छंदो भाग, और दूसरा मंत्र भाग. तिनमें छंदो भागमें इस प्रकारका कथन है, कि जैसें अज्ञानीके मुखसें अकस्मात् वचन निकले हो, और इसकी उत्पति ३१०० इकतीसो वर्षसें हूइ है, और मंत्र भागकों बने हू ए २९०० उनतीसो वर्ष हूए है."

इन वेदों ऊपर अवट, सायण, महीधर, और शंकराचार्यादिकोंने भाष्य, टीका, दीपिका आदि वृत्तिओं रची है, उन भाष्यादिकों कों अयथार्थ जानकर दयानंद सरस्वती स्वामीने अपने कल्पित मतानुसार वेदोक्त हिंसा छुपानेके लिये नवीन भाष्य बनाया है, परंतु पंडित ब्राह्मण लोक दयानंद सरस्वतीके भाष्यकों प्रमाणिक नही मानते है.

(२३)

श्री पार्श्वनाथ स्वामी अरिहंत, तिनके १०, गणधर और, १० गच्छ. आवश्यकादो.

१—श्री पार्श्वनाथजीके बडे गणधर श्री शुभदत्तजी, तिनके पाटपर तिनका शिष्य हरिदत्तजी, तिसके पाटपर आर्य समुद्र, तिसके पाटपर स्वयंप्रभसूरि, तिस स्वयंप्रभसूरिके साधुओंमें एक पिहिता श्रव-नामा साधुथा, तिसका बुद्धकीर्तिनामा शिष्यथा, तिसने बौद्ध मत उत्पन्न करा, तिसकी उत्पत्ति दर्श-नसार नामक ग्रंथमें ऐसें लिखीहै.—

सिरिपासणाहतित्थेसरउतीरेपलासणयरत्थे पिहि-आसवस्ससीहे महालुद्धोबुद्ध कित्तिमुणी॥१॥ तिमि-पूरणासणेया अहिगयपव्वज्जावओपरमभट्ठे रत्तंबरंध-रित्तापवट्टियंतेणएयत्तं ॥२॥ मंसस्सनत्थिजीवो जहा-फलेदहियदुद्धसक्कराए तम्हातंमुणित्ता भखंतोणात्थि-पाविट्ठो ॥३॥ मज्जंणवज्जणिज्जंदव्वदवं जहजलंत हएदंइतिलोएघोसित्तापव्वात्तियंसंघसावज्जं ॥ ४ ॥ अण्णोकरेदिकम्मंअण्णोतंभुंजदीदिसिद्धंतं परिक-प्पिऊणणूणंवसिकिच्चाणिरयमुववण्णो ॥ ५ ॥

भावार्थः—श्री पार्श्वनाथके तीर्थमें, सरयू नदीके कांठे उपर पलास नामा नगरमें रहा हूआ पिहिता श्रवनामा मूनिका शिष्य, बुद्धकीर्त्तिजीसका नामथा एकदा समय सरयू नदीमें बहुत पानीका पूर चढी

